## एक नजर में

### प्रजापति समाज ने अनंत चतुर्दशी पर 5 कुंटल फलाहार खिचड़ी वितरित की हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की



**मंदसौर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में आने वाले धर्मालुजनों हेतु अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला संगठन मंदसौर एवं प्रजापति समाज विकास सेवा संस्था नवयुवक मंडल गणेश उत्सव समिति द्वारा 5 क्विंटल साबूदाना फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया गया। अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला मंदसौर मीडिया प्रभारी ओ.पी. प्रजापति (वरूजना) ने बताया कि यह कार्यक्रम सुचित्रा टॉकीज बीपीएल चैराहा पर प्रजापति समाजजनों के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका परिषद मंदसौरअध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं वार्ड क्र.09 नई आबादी पार्षद निलेश जैन, जलकल सभापति एवं सीवरेज विभाग (न.पा), राम टेकरी वार्ड पार्षद श्रीमती गरिमा भाटी, पूर्व विधायक सिसोदिया, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने प्रजापति समाज की कुलदेवी श्री यादें माता की तस्वीर का माल्यार्पण दीप प्रज्वलित आरती कर साबूदाना फलाहार खिचड़ी वितरण प्रारंभ की गई। मंच पर स्वागत अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ जिला अध्यक्ष पवन प्रजापति (पल्लाया) प्रदेश सचिव बाबूलाल प्रजापति, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय नागोरे, जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश प्रजापति, महासचिव दिलीप प्रजापति, संरक्षक मुकेश लूनिया, जिला उपाध्यक्ष जगदीश सरसिया, जिला महामंत्री संदीप वर्मा, ललित प्रजापत, जिला मंत्री जगदीश मोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष, विजय प्रजापति, महिला मित्र मंडल मंदसौर द्वारा नपा अध्यक्ष गुर्जर का स्वागत आशा प्रजापति (वरूजना), कविता प्रजापति, निशा प्रजापति, सोनम प्रजापति एवं मंच पर अखाड़ा गुसानंद आश्रम अखाड़ा उस्तादों श्याम पहलवान का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अंशुल प्रजापति महेश प्रजापति, चेतन प्रजापति, मनोज प्रजापति, शालिग्राम प्रजापति हीरालाल प्रजापति महेश वरूजना (पटवारी) आदि वरिष्ठ समाजजन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आभार श्रीमती नर्मदा देवी पल्लाया ने माना।

### क्षमा के अभाव में कैंसर तक हो सकता है : कुमठ

**पिपलियामंडी।** घर-परिवार में होने वाले झगड़ों और तनाव का सबसे बड़ा कारण आपसी अहं और ईगो है। यही कारण आगे चलकर अवसाद और डिप्रेशन को जन्म देता है, जो धीरे-धीरे हमें कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की ओर ले जा सकता है। इसका सबसे सरल और प्रभावी उपाय क्षमा है। यह बात तीर्थ पेढ़ी अध्यक्ष अशोक कुमठ ने फ्क्षमा वीरों का आभूषणफ् विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कही। कुमठ ने कहा कि क्षमा ऐसी दवा है, जो हमें मानसिक रोगों जैसे तनाव, चिंता, जलन और क्रोध से दूर रखती है। ये सभी मानसिक विकार आगे चलकर शारीरिक बीमारियों का मुख्य द्वार बनते हैं। किसी को क्षमा करना वास्तव में उसके लिए उपकार नहीं बल्कि स्वयं के बोझ को हल्का करना है।



# गीता धर्मयुद्ध से उपराम-पलायन करना नहीं आरूढ़ होकर युद्ध करने का संदेश देती है : स्वामी नारायणानंदगिरी

- श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में चातुर्मास का हुआ समापन- पुस्तक भजनावली का हुआ विमोचन

**मंदसौर। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा में 11 जुलाई श्रावण प्रतिपदा से प्रारंभ वृन्दावन धाम के शास्त्रज्ञ परम विद्वान पू. संत डॉ. नारायणनंदगिरी महाराज का चातुर्मास का 7 सितम्बर 2025 को समापन हुआ। स्वामीजी के इस दौरान प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10.30 बजे तक श्रीमद् भगवद्गीता पर व्याख्यात्मक प्रवचन हुए जिनका बड़ी संख्या में जिज्ञासुओं ने लाभ लिया।**

समापन पर गीता सार रूप में स्वामीजी ने कहा कि गीता का उद्भव अर्जुन द्वारा अपना क्षत्रीय धर्म का पालन धर्म की रक्षा और अधर्म का संहार यह छोड़कर की युद्ध में अधर्मी दुर्योधन के साथ जिनकी गोद में खेला बढ़ा हुआ भीष्म पितामह और जिनसे युद्ध की शिक्षा पाकर धतुर्धर कहलाया ऐसे गुरूवर द्रोणाचार्य खड़े है तो उन पर बाणों का प्रहार कैसे करूंगा ऐसा विचार कर जब शोक-मोह ग्रस्त होकर युद्ध से उपराम शरी से अपने को निस्तेज शक्तिहीन होकर युद्ध से पलायन करने का विचार करने लगा तब भगवान कृष्ण ने उसे जो उपदेश दिया उससे प्रेरित होकर उसके शरीर में शक्ति की स्फूर्ती जाग्रत होकर युद्ध में प्रवृत्त हुआ और अधर्म का साथ देने वाले सामने खड़े सभी का संहार किया। गीता का मुख्य उद्देश्य अधर्म का विनाश और धर्म की प्रतिष्ठापना करना है। इसलिये जो गीता का पठन-पाठन स्वाध्याय पढ़ेगा सुनेगा वह कभी भी शोक मोह से ग्रसित होकर अपने कर्तव्य कर्म से विमुख विमूढ़ नहीं होगा।

गीता के 18वें अध्याय के अंत में भगवान कृष्ण का यह उपदेश कि जब हम किसी चिन्ता परेशानी दुविधाग्रस्त हो जावे- समस्या का समधान नहीं कर पा रहे तब "सर्वधर्मानि परित्यक्त मामेकम्शरण वृज" तब सब कुछ चिन्ता छोड़कर मेरी शरण में आ जावों अर्थात मेरा स्मरण मेरा ध्यान मेरा चिन्तन करने लगो तुम्हें अपने आप अपना मार्ग दिखाई देने लगेगा।



> इस अवसर पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष मदनलाल गेहलोत परिवार के सौजन्य से स्वामीजी के भजनों पर आधारित पुस्तक भजनावली का विमोचन हुआ। सचिव कारूलाल सोनी ने भी संबोधित किया। अंत में ट्रस्टियों ने अन्य श्रोताओं द्वारा स्वामीजी का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। संचालन अध्यक्ष जगदीशचन्द्र सेठिया ने किया एवं आभार ट्रस्टी बंशीलाल टांक ने माना।

## जाति नाम की त्रुटि से योजनाओं से वंचित डीएनटी समुदाय

**पिपलियामण्डी।** आज़ादी के सात दशक बाद भी विमुक्त, घुमंतु और अर्ध-घुमंतु (डीएनटी) समुदाय शासन की योजनाओं से वंचित है।



प्रदेश की जाति सूची में रेभारी पशुपालक दर्ज है, जबकि राजस्व दस्तावेज़ों में सही नाम रेबारी है। इस मामूली शब्दांतर के कारण सैकड़ों विद्यार्थी छात्रवृत्ति, आरक्षण और अन्य लाभ से वंचित हैं। मंदसौर सहित आसपास के क्षेत्रों में 40 से 50 हजार रेबारी परिवार प्रभावित हैं। विमुक्त घुमंतु व अर्ध-घुमंतु जनजाति महासंघ के जिला अध्यक्ष हीरालाल रेबारी ने बताया कि कई बार मंत्रालय तक मांग पहुंचाई गई, पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पिछले वर्ष मंत्री द्वारा डेटा एकत्र कर लाभ दिलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। रेबारी ने शासन से जाति सूची में रेभारी की जगह रेबारी सुधार कर शिविर लगाकर प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है।



## दुधाखेड़ी माताजी सहित सभी मंदिरों के चंद्र ग्रहण होने के कारण पट बंद किए

नवभारत न्यूज

**भानपुरा। चंद्र ग्रहण होने के कारण मंदिरों में कपाट बंद कर दिए गए। छोटे मंदिरों से लेकर बड़े मंदिरों में चंद्र ग्रहण होने के कारण दोपहर 12ः00 बजे से सभी मंदिरों सहित भानपुरा के जगदीश मंदिर रघुनाथ स्वामी मंदिर, अन्य सभी मंदिर बाबुल्दा श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री चारभुजा नाथ मंदिर और भानपुरा गरोठ के प्रसिद्ध मंदिर मां दुधाखेड़ी माताजी मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए ऐसी मान्यता है।** आज इस साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने पर। यह ग्रहण भारत सहित विश्व के कई देशों में दिखाई देगा। ज्योतिष और खगोल विज्ञान दोनों दृष्टिकोण से यह खास माना जा रहा है। पुजारी रघुनाथ योगी, मोहननाथ योगी एवं सहयोगी दीपक योगी द्वारा पट बंद कर दिए गए हैं। जो सुबह सोमवार 5ः00 बजे खोले गए।

> इस दौरान किसी भी प्रकार का शुभ कार्य, यात्रा, धार्मिक आयोजन या भोजन बनाना वर्जित माना जाता है। सूतक काल में सभी मंदिरों के पट भी बंद हो जाते हैं। ऐसे धार्मिक आस्था के लिए ग्रहण के बाद स्नान करना पूजा पाठ कर दान देना चाहिए। यह एक धार्मिक मान्यता है मंदिरों के पटका बंद होने का कारण भी ग्रहण में मूर्ति स्पर्श नहीं की जाती इसीलिए मंदिरों में पट को बंद कर दिया जाता है।

**एक नजर** | जैन समाज के युवाओं का विराट राष्ट्रीय अधिवेशन में राज्यों से आएंगे समाज के युवा

# नवरत्न परिवार का राष्ट्रीय अधिवेशन 20 एवं 21 सितंबर को इंदौर में होगा

**नाहरगढ। हजारों की संख्या में युवा पहुंचेंगे अधिवेशन में इंदौर नगर की पावन धन्य धरा पर होगा। जैन समाज के युवाओं का विराट दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन जिसमें 12- 13 राज्यों से आएंगे जैन समाज के युवा और होंगे युवाओं के महासम्मेलन में शामिल और करेंगे गुरु भक्ति।**

मालव भूषण आचार्य श्री नवरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराजा के परम शिष्य आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर जी महाराज एवं अनेक साधु साध्वी भगवन्तों की पावनकारी निश्रा में इंदौर नगर की पुण्य पावन धरा पर नवरत्न परिवार के दो दिवसीय 20 एवं 21 सितंबर को होने जा रहा राष्ट्रीय अधिवेशन जिसमें 13 राज्यों से युवाओं की टोलियां इंदौर शहर में पहुंचेगी और दो दिनों तक बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ गुरु भक्ति की जाएगी।



अधिवेशन के निमंत्रण के लिए मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सभी जगह पहुंचकर निमंत्रण पत्रिका दी जा रही है और आग्रह किया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा इस राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होकर गुरु भक्ति करे।

अधिवेशन में युवाओं द्वारा प्रतिवेदन पेश किए जाएंगे जिसमें पूरे साल का विवरण जिसमें अपनी-अपने नगर की इकाइयों द्वारा की गईगतिविधियों एवं धार्मिक आयोजनो के बारे में जानकारी दी जाएगी एवं आने वाले साल में समाज उत्थान के लिए किस प्रकार के प्रयास हम करें उसके बारे में चिंतन होगा।

इस संगठन की स्थापना 2007 में मालव भूषण आचार्य नवरत्न सागर सुरीश्वर मा सा एवं आचार्य विश्वरत्न सागर सुरीश्वर मा सा की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हुई थी।

## तेज बारिश के चलते मगरमच्छ गांव में पहुँचा, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**गरोठ। लगातार हो रही तेज बारिश और नदी-नालों में बढ़ते बहाव के चलते जंगली जीव रहवासी इलाकों के नजदीक आने लगे हैं। गरोठ क्षेत्र में चंबल नदी किनारे बसे पनवाड़ी गांव में बुधवार को एक मगरमच्छ खेतों के पास दिखाई देने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों की मदद से सफलतापूर्वक मगरमच्छ का रेस्क्यू किया।** वन विभाग की टीम में शामिल वनरक्षक मुकेश मालवीय, अर्पित श्रीवास्तव, कालू सिंह तंवर और किशोर गोस्वामी ने स्थल पर पहुँचकर सावधानीपूर्वक मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित रूप से चंबल नदी में छोड़ दिया। वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और जंगली जीवों से दूरी बनाए रखने की अपील की है।



वन विभाग का कहना है कि लगातार हो रही बारिश और जलभराव के कारण ऐसे मामले बढ़ सकते हैं,।

# नीमच

## एक नजर में

### अनंत चतुर्दशी पर देर रात निकली झांकियां, अखाड़े, विजर्सन किया



**नीमच .** नगर में 10 दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ संपन्न हुआ। शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दिनभर गणपति बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन चलता रहा, वहीं देर रात शहर में अखाड़ों और झांकियों का भव्य कारवां निकाला गया।शहर के विभिन्न मंदिरों से निकली झांकियों का मुख्य केंद्र अग्रवाल पंचायत भवन रहा, जहां देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सबसे आगे प्राचीन माधवपुरी बालाजी मंदिर गणेश जी की झांकी और पारंपरिक अखाड़ा शामिल रहा। अखाड़े के पहलवानों ने करतब दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया।इसके पीछे शहर के अन्य क्षेत्रों से आई झांकियां शामिल हुई।चूड़ी गली स्थित प्राचीन गुप्तेश्वर मंदिर से विशाल गणेश प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा कुमारा गली, तिलक मार्ग, घंटाघर, नया बाजार होते हुए फव्वारा चौक पहुंची, जहां अन्य झांकियां और अखाड़े भी शामिल हो गए।शोभायात्रा में ढोल, बैंड-बाजे, डीजे और चलित झांकियों का उत्साह देखते ही बनता था।शहर में अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाली झांकियां और अखाड़ों का कारवां बारादरी, फव्वारा चौक, टैगोर मार्ग, कमल चौक, भारत माता चौराहा, पुस्तक बाजार, घंटाघर और नया बाजार से गुजरते हुए विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुआ। वहीं स्थायी पंडालों पर विशेष आयोजन एवं महाआरती भी आयोजित की गई।विशेष रूप से इस वर्ष चंद्र ग्रहण का प्रभाव भी गणेश विसर्जन पर पड़ा।परंपरागत रूप से नीमच में बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन अगले दिन जुलूस निकालकर किया जाता है, लेकिन इस बार ग्रहण के चलते शनिवार देर रात तक सभी बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया गया।शहर की अधिकांश बड़ी मूर्तियों का विसर्जन नीमच-मंदसौर रोड स्थित चल्दु नदी, नीलकंठ नदी और अडक्याखाल में किया गया।विसर्जन शोभायात्राओं में अखाड़ों के पहलवानों की दमखम भरी प्रस्तुतियां, ढोल-ढमाकों और डीजे की थाप के बीच श्रद्धालुओं की 'गणपति बप्पा मोरया' की गूंज ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### ओवर ब्रिज ड्राईंग डिजाईन में बदलाव का विरोध

**नीमच।** बघाना रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज निर्माण की ड्राईंग डिजाईन में किए बदलाव का क्षेत्र के रहवासियों ने विरोध दर्ज कराया था। मामले में शनिवार को विधायक दिलीपसिंह परिहार ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों और क्षेत्रवासियों के साथ बैठक की, जिसमें लंबी चर्चा के बाद निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि जब तक ओवर ब्रिज के नए नक्शे पर जारी विरोध का निराकरण नहीं हो जाता है, तब तक निर्माण शुरू नहीं किया जाए। बता दें कि बघाना रेलवे फाटक पर करीब 37 करोड़ की लागत से वाय आकार का ओवर ब्रिज निर्माण होना है। इस ब्रिज के निर्माण से बघाना, तेलनखेड़ी, धनेरियाकला, दारू, दुदरसी, बिसलवास कला सहित राजस्थान के केसुंदा, खेरमालिया, सूबी और छोटीसादड़ी की ओर रोजाना आवाजाही करने वाले हजारों लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन ब्रिज निर्माण शुरू होने की कवायद के साथ ही ब्रिज निर्माण की ड्राईंग डिजाईन में किए गए बदलाव का विरोध शुरू हो चुका है।

# नयागांव चौकी पुलिस ने अस्सी किलो डोडा चुरा पकड़ा

**नीमच. मारूति सुजुकी कम्पनी की स्वीफ्ट डिजायर कार में भरा 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व पायलेटिंग करती यामाहा कम्पनी की फेसीनों स्कूटर सहित 04 आरोपीयों को पकडने में पुलिस चौकी नयागॉव थाना जावद को मिली सफलता ।***

मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रदेश व्यापी विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसौदिया एवं अअपु जावद श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जावद निरीक्षक श्री जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नयागॉव मंगलसिंह राठौड़ की टीम के द्वारा कुल 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व मारूति सुजुकी कम्पनी की स्वीफ्ट डिजायर कार क्र. आर.जे.-09-सीडी-7641 व पायलेटिंग करती यामाहा कम्पनी की फेसीनों स्कूटर क्र. आर.जे.-09:-वायएस-1514 सहित 04 आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है।



दिनांक 06.09.2025 व 07.09.2025 की दरमियानी रात्रि में विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर अवैध मादक पदार्थ की धरपकड व नाकाबंदी हेतु अठाना-अरनोदा रोड चार खम्भा चोराहा पर पुलिस नाकाबंदी के दौरान एक यामाहा कम्पनी की फेसीनों स्कूटर क्र. आर.जे.-09:-वायएस-1514 अठाना तरफ से आई जो पुलिस की नाकाबंदी से रोका और चालक व पीछें बैठे व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया, इतने में अठाना तरफ से मारूति सुजुकी कम्पनी की स्वीफ्ट डिजायर कार क्र. आर.जे.-09-सीडी-7641 आती दिखी जिसका चालक पुलिस की नाकाबंदी देखकर व पायलेटिंग वाले यामाहा फेसीनों स्कूटर को खडा देखकर अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार को तेजगति से भगाने का प्रयास करने लगा जिसको हमराह फोर्स की मदद से रोका और चालक व पास में बैठे उसके साथी को अभिरक्षा मे लेकर उक्त संदिग्ध स्वीफ्ट डिजायर कार की तलाशी में मिले 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व घटना में प्रयुक्त कार व स्कूटर को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए विधिवत् जब्त किया गया ।

## खेत पर रखवाली कर रहे किसान की जंगली सुअर के हमले से मौत

**सिंगोली ।** खेत पर रखवाली कर रहे किसान पर रात में जंगली सुअर ने हमला कर दिया। इसमें किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इसके बाद रतनगढ़ क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों को सुबह हुई तो घटनाक्रम के बारें में पता चला तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन के अमले से जंगली जानवरों से बढ़ रही समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।जानकारी के अनुसार करीब 35 किमी दूर बस्सी पंचायत के दरीबाके डोलिया गांव में बीती रात को किसान कालूलाल पिता मोहनलाल खेत पर जंगली सुअर से फसलों की रखवाली करने के लिए गया था। खेत पर सुअर ने फसल को नुकसान भी किया और फसलों को खा गए। इतना ही नहीं किसान पर भी हमला कर दिया। सुबह घर वालों ने खेत पर जाकर किसान के घर नहीं लौटने पर पता किया तो किसान की खेत में लाश मिली। रविवार को सुबह शंकरलाल, छोगालाल, देवी सिंह, गणपत सिंह, नारायण सिंह, काशीरा, फोरू भील, भीमराज, भगवान लाल सहित अन्य पहुंचे। सूचना के बाद जावद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

## गणेश विसर्जन के दौरान पानी में डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**नीमच। नीमच जिले में गणेश विसर्जन के दौरान हर्षोल्लास का माहौल उस समय मातम में बदल गया जब 13 वर्षीय बालक की गहरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा जावद थाना क्षेत्र के बरखेड़ा कमलिया गांव में हुआ, जहाँ प्रशासनिक निर्देशों को दरकिनार कर अनधिकृत गड्ढे में प्रतिमा विसर्जन किया जा रहा था।** इस पूरे हादसे का वीडियो सामने आने के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है।जानकारी के अनुसार, मोड़ी निवासी ईश्वर पिता घीसालाल मालवीय 13 वर्ष कुछ ग्रामीणों के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए बरखेड़ा कमलिया के पास बने तलाब पर गया था। प्रशासन द्वारा पहले ही निर्धारित स्थल पर विसर्जन करने के निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके ग्रामीणों ने नियमों को नज़रअंदाज़ कर गड्ढे में विसर्जन शुरू कर दिया। इसी दौरान ईश्वर सहित दो बच्चे गहरे पानी में उतर गए और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने एक बच्चे को तो किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन ईश्वर गहरे पानी में समा गया।घटना की सूचना मिलते ही जावद एसडीएम और पुलिस दल मौके पर पहुंचे। एसडीएम के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर घंटों की मशक्कत के बाद बालक के शव को बाहर निकाला गया।

## वर्ग विशेष के दबाव में पुलिस ने किया प्रकरण दर्ज, सर्व हिन्दू समाज ने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन



**नीमच** हिन्दू समाज ने जिला पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर शहर में 5 सितंबर को निकले जुलूस के दौरान घटित घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है।ज्ञापन में बताया गया कि त्योहार के अवसर पर निकले जुलूस में कुछ युवाओं और बच्चों द्वारा ऐसे नारे लगाए गए, जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका बनी रही।सर्व हिन्दू समाज ने आरोप लगाया कि जिन मार्गों पर पूर्व में प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी, उन रास्तों से भी जुलूस निकाला गया। ज्ञापन में उल्लेख है कि बगीचा नंबर 13 स्थित बालाजी मंदिर क्षेत्र में कुछ बच्चों द्वारा नारेबाजी और अशोभनीय व्यवहार किया गया। स्थानीय निवासियों ने बच्चों को समझाने का प्रयास किया तो विवाद की स्थिति बन गई। बाद में मंदिर क्षेत्र में पुन: आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग और धमकी देने की घटनाएं हुईं, जिसकी शिकायत रहवासियों ने पुलिस को की।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि मंदिर के समीप स्थित एक मकान में संदिग्ध गतिविधियां देखी जाती रही हैं, जिसके कारण क्षेत्र में कई बार तनाव की स्थिति बनी है।

समाज का कहना है कि इस पूरे मामले में गौतम बैरागी नामक स्थानीय निवासी को अनुचित रूप से निशाना बनाया गया है और उन पर झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है।

**एक नजर** | पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ,नीमच

# पीजी कॉलेज में शिक्षक दिवस पर प्राध्यायको का सम्मान किया

नवभारत न्यूज

**नीमच. स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सम्मान कर शिक्षक दिवस मनाया गया।**

इस अवसर पर अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, पूर्व प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रभावती भावसार, समाजशास्त्र और समाज कार्य अध्यक्ष डॉ. संजय जोशी कामर्स संकायाध्यक्ष डॉ. सी.पी.पंवार, रासेयो के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ जे.सी. आर्य एवं महाविद्यालय इकाई के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राकेश कुमार कस्वां मंचासीन थे प्रारंभ में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

रा.से.यो.के स्वयंसेवकों द्वारा परंपरागत कुमकुम तिलक से तथा उपारणा पहनाकर सभी प्राध्यापकों का स्वागत किया गया एवं पेन व मोमेंटो प्रदान कर सम्मान के भाव व्यक्त किये।



> इस अवसर पर डॉ प्रशांत मिश्रा ने गुरु की महता को बताते हुए जीवन में उसका स्थान सर्वोपरि बताया। डॉ शर्मा ने गुरू के आशीर्वाद के महत्व पर प्रकाश डाला ,डॉ .संजय जोशी ने शिक्षक को हमारे जीवन का शिल्पकार बताया, डॉ पंवार ने गुरू को जीवन का विश्राम स्थल कहा , डॉ भावसार ने जीवन निर्माण और मंजिल तक पहुंचाने में शिक्षक के योगदान का महत्व बताया , प्रो आर्य ने समाज में शिक्षकों के प्रति मान सम्मान में आ रही कमी पर चिंता व्यक्त की । स्वयं सेवकों ने शिक्षकों के प्रति अपने सम्मान के भाव व्यक्त किये।